न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :–11/2023–24

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

कुँवर मुण्डा...आवेदक/विक्रेता

बनाम

1. शिवशंकर मुण्डा वो 2. गांगी ओड़ेया...............विपक्षी/क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित
07.12.2023	**आदेश**	

आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कुँवर मुण्डा पिता/पति स्व0 सोमा मुण्डा ग्राम–दतिया, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी के द्वारा निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतु (online) आवेदन किया गया है।

भूमि का विवरण

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा(एकड़ में)
दतिया	87	28	72	0.05

आवेदक/आवेदिका के द्वारा समर्पित किये गये आवेदन पत्र के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कुँवर मुण्डा पिता/पति स्व0 सोमा मुण्डा ग्राम–दतिया, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी को मकान निर्माण हेतु राशि की आवश्यकता है जिस कारण उनके द्वारा प्रश्नगत भूमि को क्रेता 1. श्री/श्रीमती शिवशंकर मुण्डा पिता/पति बिरसा मुण्डा वो 2. श्री/श्रीमती गांगी ओड़ेया पिता/पति शिवशंकर मुण्डा दोनों ग्राम–कुदाटोली, पो0–भण्डरा, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी को बिक्री करना चाहते/चाहती है।

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाण पत्र/खतियान एवं लगान की रसीद 0871857515 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। उक्त भूमि में किसी के द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 829 दिनांक 08.11.2023 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। अंचल अधिकारी, खूँटी के द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि प्रश्नगत भूमि आवेदक/आवेदिका का खतियानी भूमि है, खतियानी रैयत का नाम बुटी मुण्डा वगैरह है। आवेदक पंजी II रैयत में से एक के परपोता है। प्रश्नगत भूमि की ऑनलाईन पंजी II के भाग सं0 1 के पृष्ट सं0 29 पर जमाबंदी दर्ज है।

आवेदक/आवेदिका के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य

हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे में है, को मकान निर्माण कराने हेतु बिक्री करना चाहते हैं।

अंचल अधिकारी, खूँटी के जाँच प्रतिवेदन से प्रतीत होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों अनुसूचित जनजाति के सदस्य एवं एक ही थाना के निवासी है। विक्रेता एवं क्रेता दोनों की ओर से एक थाना के निवासी होने एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य होने के प्रमाण में शपथ पत्र संख्या 829 दिनांक 08.11.2023 के साथ अंचल अधिकारी, खूँटी के द्वारा निर्गत 1. जाति प्रमाण पत्र सं0– JHCST/2021/52924 दिनांक 03.03.2021 वो 2. जाति प्रमाण पत्र सं0– JHCST/2021/52952 दिनांक 04.03.2021 एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र सं0– JHRC/2021/95338 दिनांक 23.02.2021 2. आवासीय प्रमाण पत्र सं0– JHRC/2021/95388 दिनांक 23.02.2021 एवं आधार कार्ड की छायाप्रति दाखिल किया गया है, जो अभिलेख के साथ संलग्न है। उपरोक्त प्रमाण पत्रों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों अनुसूचित जनजाति के सदस्य है तथा एक ही थाना के निवासी है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने आवेदित भूमि की बिक्री हेतु अनुशंसा किया है।

अतः अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 829 दिनांक 08.11.2023 के माध्यम से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा एवं अभिलेख के साथ संलग्न कागजातों के आधार पर आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कुँवर मुण्डा पिता/पति स्व0 सोमा मुण्डा ग्राम–दतिया, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी को क्रेता 1. श्री/श्रीमती शिवशंकर मुण्डा पिता/पति विरसा मुण्डा वो 2. श्री/श्रीमती गांगी ओड़ेया पिता/पति शिवशंकर मुण्डा दोनों ग्राम–कुदाटोली, पो0–भण्डरा, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी के साथ ग्राम दतिया के खाता सं0 28 खेसरा संख्या 72 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को बाजार दर या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है।

इस आदेश से अन्य अंशदार या हिस्सेदार का हक प्रभावित नहीं होगा।

लेखापित एवं संशोधित

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
खूँटी।

07/12/23
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
खूँटी।

Digitally signed by ARVIND KUMAR OJHA
Date: 2023.12.19 11:40:52 +05:30
Location: 192.168.1.103